Regarding construction of Hasanpur to Barauni and Simri Bakhtiarpur to Bihariganj railway lines in Bihar-laid

चौधरी महबूब अली कैसर (खगड़िया): मैं सरकार का ध्यान खगड़िया लोक सभा की दो महत्वपूर्ण नई रेल लाइन हसनपुर से बरौनी एवं सिमरी बख्तियारपुर से बिहारी गंज वाया बेलदौर की ओर ले जाना चाहता हूं सिमरी बख्तियारपुर से बिहार गंज वाया बेलदौर 54 किलोमीटर नई रेल लाइन का सर्वेक्षण का कार्य होना था परंतु फंड के अभाव में अभी तक यह कार्य पूरा नहीं किया गया है वहीं हसनपुर से बरौनी की नई रेल लाइन सर्वेक्षण का कार्य तो पूर्ण कर लिया गया है परंतु आवंटन के अभाव में आगे का कार्य बंद पड़ा है मैं रेल मंत्री से मांग करता हूं कि दोनों नई रेल लाइनों का आवंटन दे कर जल्द से जल्द कार्य को पूर्ण कार्य कराया जाए साथ ही साथ वर्ष 1999 में सोनपुर डिवीजन के अंतर्गत भारत खंड हॉल्ट का निर्माण किया गया था परंतु आज तक यह हॉल्ट मूलभूत सुविधाओं से वंचित है । न ही प्लेटफार्म पक्कीकरण का कार्य हुआ है और ना ही प्लेटफार्म पर आने के रास्ते का, जबकि इस हॉल्ट पर तीन जोड़ी अप और तीन जोड़ी डाउन ट्रेन का ठहराव है ।